रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु
CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	16/12/2025
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1 निम्नलिखित में से कौन-सा एक अभिसारी लेंस है?

Ans
✔ A. उत्तल लेंस
✗ B. अवतल लेंस
✗ C. समतल अवतल लेंस
✗ D. बेलनाकार लेंस

Q.2 दिए गए कथनों को पढ़िए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

कथन:
A: कोयला और पेट्रोलियम का निर्माण जैव-द्रव्यमान (bio-mass) के अपघटन से हुआ था।
B: ये क्षयशील संसाधन होते हैं।

Ans
✗ A. न तो कथन A और न ही B सही है
✔ B. कथन A और B दोनों सही हैं
✗ C. केवल कथन B सही है
✗ D. केवल कथन A सही है

Q.3 यदि किसी ध्वनि तरंग की आवृत्ति बढ़ जाती है, लेकिन उसकी चाल स्थिर रहती है, तो उसकी तरंगदैर्ध्य ________________।

Ans
✗ A. बढ़ जाएगी
✗ B. शून्य हो जाएगी
✔ C. घट जाएगी
✗ D. समान रहेगी

Q.4 मानव शरीर के निम्नलिखित में से किस भाग (अंग) में उपकला कोशिकाओं में सिलिया होती है?

Ans
✗ A. भोजन नली
✔ B. श्वसन तंत्र
✗ C. मुख गुहा
✗ D. आमाशय भित्ति

Q.5 एक धागे से बंधे और वृत्तीय पथ पर घूमते हुए पत्थर पर क्या प्रभाव पड़ता है जब धागे को अचानक छोड़ दिया जाता है?

Ans

✗ A. यह दिशा बदलता है और टेढ़े-मेढ़े रास्ते पर चलता है

✓ B. यह उसी दिशा में आगे बढ़ना जारी रखता है जिस दिशा में यह छोड़े जाने के समय जा रहा था

✗ C. यह तुरंत रुक जाता है

✗ D. यह अपने प्रारंभिक बिंदु पर लौटता है

Q.6 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, उत्तल दर्पण द्वारा प्रतिबिंब रचना का सही वर्णन करता है?

Ans

✗ A. जब बिंब अनंत पर होता है, तो प्रतिबिंब फोकस पर वास्तविक तथा उल्टा बनता है।

✗ B. जब बिंब अनंत पर होता है, तो प्रतिबिंब ध्रुव पर बनता है और वास्तविक तथा उल्टा होता है।

✗ C. जब बिंब एक परिमित दूरी पर होता है, तो प्रतिबिंब वक्रता केंद्र से परे, वास्तविक और बड़ा बनता है।

✓ D. जब बिंब एक परिमित दूरी पर होता है, तो प्रतिबिंब ध्रुव और फोकस के बीच आभासी और छोटा बनता है।

Q.7 जब 112 g सोडियम हाइड्रॉक्साइड 44 g कार्बन डाइऑक्साइड के साथ अभिक्रिया करता है, जिसके परिणामस्वरूप 18 g जल प्राप्त होता है, तो कितने ग्राम (g) सोडियम कार्बोनेट उत्पन्न होता है?

Ans

✗ A. 141 g

✗ B. 132 g

✗ C. 143 g

✓ D. 138 g

Q.8 जब कोई अम्ल किसी क्षार के साथ अभिक्रिया करता है, तो निम्नलिखित में से क्या बनता है, चाहे प्रयुक्त विशिष्ट अम्ल या क्षार कुछ भी हो?

Ans

✗ A. कार्बन डाइऑक्साइड

✗ B. हाइड्रोजन गैस

✗ C. ऑक्सीजन

✓ D. लवण और जल

Q.9 निम्नलिखित में से किस पादप की पत्ती के किनारे के गर्त में कलिकाएँ (buds) हो सकती हैं?

Ans

✗ A. आम

✗ B. नीम

✗ C. पीपल

✓ D. ब्रायोफिलम

Q.10 मानव शरीर में अस्थि की तुलना में उपास्थि को अधिक लचीला क्या बनाता है?

Ans

✗ A. यह मांसपेशियों को अस्थियों से जोड़ता है।

✗ B. इसमें वसा से भरा हुआ मैट्रिक्स होता है।

✗ C. इसमें एक ठोस, प्रोटीन-युक्त मैट्रिक्स होता है।

✓ D. इसमें तरल-जैसा मैट्रिक्स होता है।

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाकलाप, द्रव्य के कणों के बीच आकर्षण बल होने को सर्वोत्तम रूप से निरूपित करता है?

Ans

✗ A. बर्फ को गर्म करके जल बनाना

✗ B. जल में चीनी घोलना

✓ C. चाक स्टिक को तोड़ना

✗ D. स्पंज (sponge) को संपीडित करना

Q.12 पुष्पों में थैलेमस (धानी - receptacle) निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य करता है?

Ans

✗ A. बीजांड का निर्माण करता है।

✓ B. यह पुष्पों के भागों को सपोर्ट करता है तथा फल का भाग बन सकता है।

✗ C. मकरंद (nectar) उत्पादित करता है।

✗ D. परागकण उत्पादित करता है।

Q.13 एक लकड़ी के गुटके का द्रव्यमान 6 kg है और इसका आकार 40 cm× 30 cm× 20 cm है। इसे 30 cm × 20 cm भुजा पर रखी एक मेज पर रखा गया है। यदि g = 10 m/s^2 है, तो यह मेज पर कितना दाब डालता है?

Ans

- ✗ A. 200 Pa
- ✗ B. 300 Pa
- ✗ C. 100 Pa
- ✓ D. 1000 Pa

Q.14 धातुओं के निष्कर्षण से पहले अयस्कों के संवर्धन का मुख्य कारण क्या है?

Ans

- ✓ A. बालू और अवांछित चट्टानों जैसी मृत्तिकामय अशुद्धियों को दूर करना
- ✗ B. रूपांतरण के लिए अयस्क की आंतरिक क्रिस्टल संरचना को बदलना
- ✗ C. परिष्करण के लिए खनिज सामग्री के गलनांक को बढ़ाना
- ✗ D. अंतिम धातु की संक्षारण और जंग के प्रति प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाना

Q.15 12 V की एक बैटरी को क्रमशः 1 Ω, 2 Ω, 3 Ω, 4 Ω और 10 Ω के प्रतिरोधकों के साथ श्रेणीक्रम में जोड़ा गया है। 10 Ω प्रतिरोधक से होकर कितनी धारा प्रवाहित होगी?

Ans

- ✓ A. 0.6 A
- ✗ B. 1.2 A
- ✗ C. 1.0 A
- ✗ D. 12 A

Q.16 एक जीवविज्ञानी एक हाइड्रा को दो असमान भागों में काटता है। एक भाग में पूर्ण रूप से विकसित मुकुल है। मुकुल के साथ सर्वाधिक क्या होने की संभावना है?

Ans

- ✗ A. हाइड्रा जीवित नहीं रहेगा
- ✓ B. मुकुल एक नए हाइड्रा में परिपक्व हो जाएगा
- ✗ C. मुकुल एक बीजाणु में परिवर्तित हो जाएगा
- ✗ D. मुकुल तुरंत नष्ट हो जाएगा

Q.17 CaO और H_2O के बीच अभिक्रिया अत्यधिक ऊष्माक्षेपी होती है और $Ca(OH)_2$ बनाती है। इसका एक उदाहरण .... है।

Ans

- ✗ A. विस्थापन अभिक्रिया (Displacement reaction)
- ✗ B. पुनर्व्यवस्था अभिक्रिया (Rearrangement reaction)
- ✗ C. दोहरा विस्थापन अभिक्रिया (Double displacement reaction)
- ✓ D. संयोजन अभिक्रिया (Combination reaction)

Q.18 न्यूरॉन में डेन्ड्राइट्स (dendrite) का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans

- ✗ A. न्यूरॉन की रक्षा करना
- ✗ B. एक सिनैप्स (synapse) बनाना
- ✓ C. अक्षतंतु से कोशिका काय तक संकेतों को प्रेषित करना
- ✗ D. विद्युत आवेग उत्पन्न करना

Q.19 निम्नलिखित में से किस नियम का उपयोग धारावाही वृत्तीय लूप के कारण चुंबकीय क्षेत्र की दिशा निर्धारित करने के लिए किया जा सकता है?

Ans

- ✓ A. दक्षिणहस्त अंगुष्ठ नियम
- ✗ B. फ्लेमिंग का दक्षिणहस्त नियम
- ✗ C. फ्लेमिंग का वामहस्त नियम
- ✗ D. मैक्सवेल का वामहस्त नियम

Q.20 रक्त का कौन-सा घटक मुख्य रूप से भोजन, कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजनयुक्त अपशिष्टों के परिवहन के लिए उत्तरदायी है?

Ans
- ✗ A. प्लेटलेट्स
- ✓ B. प्लाज्मा
- ✗ C. श्वेत रक्त कोशिकाएँ
- ✗ D. लाल रक्त कणिकाएँ

Q.21 जे. जे. थॉमसन ने किस कण की खोज की?

Ans
- ✗ A. प्रोटॉन
- ✗ B. नाभिक
- ✗ C. न्यूट्रॉन
- ✓ D. इलेक्ट्रॉन

Q.22 निम्नलिखित में कौन-सा, संयोजन अभिक्रिया का उदाहरण है?

Ans
- ✗ A. $CuSO_4 + BaCl_2 \rightarrow BaSO_4 + CuCl_2$
- ✓ B. $CaO + H_2O \rightarrow Ca(OH)_2$
- ✗ C. $2KClO_3 \rightarrow 2KCl + 3O_2$
- ✗ D. $Zn + H_2SO_4 \rightarrow ZnSO_4 + H_2$

Q.23 ऐल्केन की सजातीय श्रेणी का प्रत्येक अगला सदस्य पिछले सदस्य से एक इकाई द्वारा भिन्न होता है, जिसमें __________ होते हैं।

Ans
- ✗ A. दो कार्बन और दो हाइड्रोजेन
- ✗ B. दो कार्बन और तीन हाइड्रोजेन
- ✗ C. एक कार्बन और तीन हाइड्रोजेन
- ✓ D. एक कार्बन और दो हाइड्रोजेन

Q.24 जब हम किसी गुब्बारे को दबाते हैं (जिससे उसकी आकृति बदल जाती है) या जब हम किसी खिलौना कार के अंदर स्प्रिंग को घुमाते हैं तो उसके द्वारा अर्जित स्थितिज ऊर्जा, वस्तु के _____________ के कारण होती है।

Ans
- ✗ A. द्रव्यमान और आयतन
- ✗ B. त्वरण दर
- ✗ C. निरंतर चाल
- ✓ D. विन्यास

Q.25 एक कार सीधी सड़क पर एकसमान चाल से चल रही है। इसका दूरी-समय ग्राफ .... है।

Ans
- ✗ A. समय-अक्ष के समानांतर एक सीधी रेखा
- ✗ B. ऊपर की ओर अवतल वक्र
- ✓ C. समय-अक्ष की ओर आनत एक सीधी रेखा
- ✗ D. नीचे की ओर अवतल वक्र

Section : **Mathematics**

Q.26 $(3^6 \div 3^2)^2 \times (3^3 \div 3^4)$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✗ A. 3 10
- ✗ B. 3 2
- ✓ C. 3 7
- ✗ D. 3 4

Q.27 पाइप P एक टैंक का $\frac{3}{8}$ भाग 30 घंटे में भर सकता है और पाइप Q उसी टैंक का $\frac{3}{5}$ भाग 48 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 4 घंटे के लिए खुला रखा जाता है, फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर केवल पाइप R को खोला जाता है जो 6 घंटे में टैंक का पानी खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

Ans
- ✗ A. 112 घंटे
- ✓ B. 120 घंटे
- ✗ C. 115 घंटे
- ✗ D. 104 घंटे

Q.28 $\frac{2}{70}$ का कितना प्रतिशत $\frac{1}{20}$ है?

Ans
- ✗ A. 185%
- ✗ B. 190%
- ✗ C. 350%
- ✓ D. 175%

Q.29 दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 192 है तथा उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 32 है। यदि पहली संख्या 64 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 95
- ✗ B. 93
- ✗ C. 94
- ✓ D. 96

Q.30 $\frac{(x^2 - 15x + 50)}{(x - 10)}$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✓ A. x − 5
- ✗ B. x − 10
- ✗ C. x + 5
- ✗ D. x + 10

Q.31 यदि ₹3,392 अंकित मूल्य वाली वस्तु को ₹1,696 में बेचा जाता है, तो छूट प्रतिशत कितना है?

Ans
- ✗ A. 49%
- ✗ B. 52%
- ✓ C. 50%
- ✗ D. 51%

Q.32 यदि एक संख्या के $\frac{1}{3}$ का 30% का 60%, 204 है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 3400
- ✗ B. 4390
- ✗ C. 7050
- ✗ D. 5250

Q.33 एक आयत का परिमाप 64 cm है। यदि इसकी लंबाई इसकी चौड़ाई से 8 cm अधिक है, तो आयत की चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 10 cm
- ✗ B. 16 cm
- ✗ C. 14 cm
- ✓ D. 12 cm

Q.34 $\frac{8.4 \times 8.4 - 2.8 \times 2.8}{5.6 \times 11.2}$ का मान बताइए।

Ans
- ✗ A. 4.2
- ✗ B. 5.6
- ✓ C. 1
- ✗ D. 0.0

Q.35 दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7.5% वार्षिक ब्याज दर से ऋण देते हैं। अजय ने प्रत्येक बैंक से ₹2,40,000 उधार लिए। 4 वर्षों के बाद अजय द्वारा दोनों बैंकों को दिए गए साधारण ब्याज की राशि के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 37,900
- ✓ B. 38,400
- ✗ C. 39,400
- ✗ D. 39,900

Q.36 ज़ाकिर शहर A से शहर B तक की यात्रा करता है। यदि ज़ाकिर अपनी कार को अपनी सामान्य चाल के $\frac{3}{8}$ चाल से चलाता है, तो वह शहर B, 10 मिनट देरी से पहुंचता है। यदि ज़ाकिर अपनी सामान्य चाल से गाड़ी चलाता है, तो उसे शहर A से शहर B तक जाने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

Ans
- ✓ A. 6
- ✗ B. 5
- ✗ C. 14
- ✗ D. 10

Q.37 यदि 9 और 51 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 289
- ✗ B. 287
- ✗ C. 291
- ✗ D. 288

Q.38 निम्नलिखित आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

5, 7, 6, 5, 9, 8, 6, 7, 11, 10, 5, 7, 6, 8, 6, 9, 10, 6

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 9
- ✓ C. 6
- ✗ D. 7

Q.39 एक डीलर एक बाइक के विज्ञापित मूल्य पर 25% की छूट देने के बाद भी 50% का लाभ अर्जित करता है। यदि बाइक की बिक्री पर उसे ₹1,290 का लाभ प्राप्त होता है, तो विज्ञापित मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
- ✗ A. 5,236
- ✗ B. 5,220
- ✓ C. 5,160
- ✗ D. 5,298

Q.40 मनु ने ₹12,000 में एक माइक्रोवेव खरीदा और अनुज को 12.5% की हानि पर बेच दिया। अनुज ने इसे रानी को 20% के लाभ पर बेचा और रानी ने इसे प्रिया को $6\frac{2}{3}\%$ के लाभ पर बेचा। प्रिया ने इसे किस कीमत पर खरीदा?

Ans
- ✗ A. ₹13,100
- ✓ B. ₹13,440
- ✗ C. ₹13,340
- ✗ D. ₹12,600

Q.41 136 m और 144 m लंबी दो ट्रेनें विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। पहली ट्रेन 65 km/hr और दूसरी ट्रेन 79 km/hr की चाल से चल रही है। उन्हें एक-दूसरे को पार करने में कितना समय लगेगा?

Ans

✗ A. 12 सेकंड

✗ B. 6 सेकंड

✓ C. 7 सेकंड

✗ D. 16 सेकंड

Q.42 ₹1,071 को तीन व्यक्तियों M, N और T के बीच बांटा जाना है। यदि M और N के हिस्से 3 : 9 के अनुपात में हैं तथा N और T के हिस्से 6 : 9 के अनुपात में हैं, तो N का हिस्सा (₹ में) कितना है?

Ans

✗ A. 380

✗ B. 376

✗ C. 379

✓ D. 378

Q.43 यदि किसी लम्ब वृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या 17% कम कर दी जाए तथा इसकी ऊंचाई 138% बढ़ा दी जाए, तो इसके आयतन में प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) कितनी है?

Ans

✗ A. 55%

✓ B. 64%

✗ C. 61%

✗ D. 75%

Q.44 रमन की आय ₹83,000 है। वह अपनी आय का 16% बचाता है। यदि उसकी आय में 22% और व्यय में 25% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में .... होगी।

Ans

✗ A. ₹ 827 की वृद्धि

✗ B. ₹833 की कमी

✓ C. ₹830 की वृद्धि

✗ D. ₹828 की कमी

Q.45 तीन भाईयों की आयु x, 25 और 2x + 8 वर्ष है, जिन्हें आरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया है। सबसे छोटे और सबसे बड़े भाई की कुल आयु, तीसरे भाई की आयु की दोगुनी है। सबसे बड़े भाई की आयु (वर्षों में) कितनी है?

Ans

✗ A. 30

✗ B. 33

✓ C. 36

✗ D. 39

Q.46 13 संख्याओं का औसत 7 है। यदि प्रत्येक संख्या को 2 से गुणा किया जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans

✗ A. 7

✗ B. 2

✗ C. 13

✓ D. 14

Q.47 A और B मिलकर किसी काम को 2 दिन में पूरा कर सकते हैं। B अकेले उसी काम को 4 दिन में पूरा कर सकता है। A अकेले उसी काम का दोगुना काम पूरा करने में कितना समय (दिन में) लेगा?

Ans

✗ A. 4

✗ B. 9

✓ C. 8

✗ D. 11

Q.48 एक लड़का एक ध्वजस्तंभ से 12 m दूर खड़ा है और स्तंभ के शीर्ष को 60° के उन्नयन कोण पर देख रहा है। ध्वजस्तंभ की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।
नोट: लड़के की ऊंचाई 0 m मानें।

($\sqrt{3} \approx 2$ का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ A. 20 m
- ✓ B. 24 m
- ✗ C. 22 m
- ✗ D. 18 m

Q.49 एक त्रिभुज की भुजाएँ 35 cm ,21 cm और 28 cm हैं। 21 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसकी ऊँचाई कितनी है?

Ans
- ✗ A. 29 cm
- ✗ B. 39 cm
- ✓ C. 28 cm
- ✗ D. 64 cm

Q.50 एक समकोण त्रिभुज का क्षेत्रफल एक समचतुर्भुज के क्षेत्रफल का तीन-चौथाई है, जिसका एक विकर्ण 48 cm लंबा है। त्रिभुज के समकोण को समाहित करने वाली भुजाएँ 36 cm और 64 cm हैं। समचतुर्भुज का परिमाप ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 140 cm
- ✗ B. 184 cm
- ✓ C. 160 cm
- ✗ D. 152 cm

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन: कुछ पेन, कॉपी हैं। सभी कॉपी, इरेजर हैं।
निष्कर्ष (I) : कुछ पेन, इरेजर हैं।
निष्कर्ष (II) : सभी इरेजर, कॉपी हैं।

Ans
- ✓ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.52 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

HO22 JQ31 LS40 NU49 ?

Ans
- ✗ A. PX58
- ✗ B. PW59
- ✓ C. PW58
- ✗ D. PX59

Q.53 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 1 5 4 6 4 5 4 8 1 9 8 3 4 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✗ C. चार
- ✓ D. दो

Q.54 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(15, 75, 5)
(12, 36, 3)

Ans
- ✗ A. (18, 48, 9)
- ✗ B. (17, 49, 3)
- ✓ C. (14, 28, 2)
- ✗ D. (11, 88, 6)

Q.55 यदि '+' का अर्थ '−' है, '−' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

52 − 14 ÷ 169 + 456 × 12 = ?

Ans
- ✗ A. 815
- ✗ B. 836
- ✗ C. 899
- ✓ D. 859

Q.56 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. PU - OT
- ✗ B. MR - LQ
- ✗ C. EJ - DI
- ✓ D. QV - PV

Q.57 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी हैं।
(बाएं) 9 2 1 4 2 2 8 3 7 6 7 5 2 4 8 9 7 1 2 3 8 9 2 2 6 2 8 (दाएं)
ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 6
- ✗ C. 4
- ✓ D. 3

Q.58 एक निश्चित कूट भाषा में, 'XANJ' को '98' और 'VLQG' को '116' लिखा जाता है। उसी भाषा में 'ZRHU' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✔ A. 146
- ✘ B. 139
- ✘ C. 130
- ✘ D. 141

Q.59 नीचे दी गई संख्या श्रृंखला को देखिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 6 5 7 9 7 7 1 3 4 5 2 3 1 9 6 8 1 5 1 4 6 5 3 5 3 2 7 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या आती है?

Ans
- ✔ A. 4
- ✘ B. 5
- ✘ C. 6
- ✘ D. 3

Q.60 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के बाएं तीसरे स्थान पर B बैठा है। G के बाएं दूसरे स्थान पर A बैठा है। C और A दोनों का निकटतम पड़ोसी D है। B का निकटतम पड़ोसी E नहीं है। E के दाएं से गिनने पर E और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✘ A. 1
- ✘ B. 3
- ✔ C. 2
- ✘ D. 4

Q.61 जाह्नवी अपनी कक्षा में ऊपर से 14वें और नीचे से 6वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✔ A. 19
- ✘ B. 21
- ✘ C. 17
- ✘ D. 23

Q.62 TM 13 का संबंध एक निश्चित तरीके से WR 16 से है। उसी तरह, MF 18 का संबंध PK 21 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, QJ 26 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✘ A. UM 28
- ✔ B. TO 29
- ✘ C. TM 28
- ✘ D. UP 29

Q.63 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 4 7 5 1 3 2 9 1 6 9 7 4 6 2 8 1 3 8 8 8 4 7 3 7 7 9 1 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
- ✘ A. 5
- ✘ B. 3
- ✔ C. 4
- ✘ D. 6

Q.64	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। कथन: सभी गलीचे, चटाई हैं। सभी चटाई, कंबल हैं। सभी कंबल, रजाई हैं। निष्कर्ष: (I): सभी गलीचे, रजाई हैं। (II): कुछ रजाई, चटाई हैं।	
Ans	✔ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं ✘ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है ✘ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है ✘ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है	

Q.65	अनीता बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करती है और दक्षिण की ओर 6 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है, 8 km ड्राइव करती है, बाएँ मुड़ती है और 10 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएँ मुड़ती है और 2 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएँ मुड़ती है और 4 km ड्राइव करती है। अंत में वह दाएँ मुड़ती है, 4 km ड्राइव करती है और बिंदु D पर रुकती है। बिंदु A के सापेक्ष बिंदु D कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में है? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)	
Ans	✔ A. 6 km, पूर्व की ओर ✘ B. 8 km, पूर्व की ओर ✘ C. 8 km, दक्षिण की ओर ✘ D. 12 km, पश्चिम की ओर	

Q.66	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, PXTR का संबंध एक निश्चित तरीके से UCYW से है। उसी प्रकार, KANS का संबंध PFSX से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LFKO का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?	
Ans	✔ A. QKPT ✘ B. OINR ✘ C. NHMQ ✘ D. PJOS	

Q.67	दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 717 707 710 700 703 ?	
Ans	✔ A. 693 ✘ B. 691 ✘ C. 695 ✘ D. 697	

Q.68	सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के दाईं ओर केवल पांच व्यक्ति बैठे हैं। B के बाईं ओर केवल पांच व्यक्ति बैठे हैं। G और E का निकटतम पड़ोसी F है। E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर C बैठा है। G के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?	
Ans	✔ A. चार ✘ B. तीन ✘ C. एक ✘ D. दो	

Q.69	L, M, N, O, P और Q एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P के बाईं ओर दूसरे स्थान पर M बैठा है। Q के दाईं ओर दूसरे स्थान पर N बैठा है। M के ठीक बाईं ओर पड़ोस में O है। L के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?	
Ans	✗ A. P ✗ B. N ✓ C. O ✗ D. Q	

Q.70	दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? 14,22,38,62,94 ?	
Ans	✓ A. 134 ✗ B. 135 ✗ C. 133 ✗ D. 136	

Q.71	एक निश्चित कूट भाषा में, 'A ? B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है' 'A = B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है' 'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' 'A √ B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है' उपरोक्त के आधार पर, यदि 'C ? D √ E = F @ L' है, तो C का L से क्या संबंध है?	
Ans	✗ A. बहन ✓ B. बहन की पुत्री ✗ C. माता की बहन ✗ D. पुत्री	

Q.72	किसी निश्चित कूट भाषा में, 'hen hat house' को 'zu ef lh' के रूप में और 'lime hen rat' को 'lh wf cm' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'hen' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?	
Ans	✗ A. zu ✗ B. wf ✓ C. lh ✗ D. ef	

Q.73	शहर D, शहर E के दक्षिण में है। शहर F, शहर D के पूर्व में है। शहर G, शहर F के उत्तर में है। शहर H, शहर G के पश्चिम में है। शहर E, शहर H के उत्तर-पूर्व में है। शहर E के सापेक्ष शहर G की स्थिति क्या है?	
Ans	✗ A. उत्तर-पश्चिम ✓ B. दक्षिण-पूर्व ✗ C. दक्षिण-पश्चिम ✗ D. उत्तर-पूर्व	

Q.74	परवेश अपनी कक्षा में ऊपर से 12वें और नीचे से 38वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?	
Ans	✗ A. 39 ✗ B. 59 ✓ C. 49 ✗ D. 50	

Q.75	यदि संख्या 3427165 में प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा अंक इस प्रकार बनी नई संख्या में बायीं ओर से तीसरा होगा?	
Ans	✗ A. 7 ✓ B. 1 ✗ C. 5 ✗ D. 9	

Q.76 XO 16 एक निश्चित तरीके से ZS 10 से संबंधित है। उसी तरह IF 9, KJ 3 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, OP 19 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ A. GT 14
- ✗ B. NJ 18
- ✓ C. QT 13
- ✗ D. JU 16

Q.77 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
DKQ GNT JQW MTZ ?

Ans
- ✗ A. QXD
- ✗ B. SWY
- ✗ C. RYC
- ✓ D. PWC

Q.78 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

328 330 320 324 314 320 ?

Ans
- ✗ A. 306
- ✗ B. 312
- ✓ C. 310
- ✗ D. 308

Q.79 यदि संख्या 1874356 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बाएं से दूसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 12
- ✗ B. 10
- ✗ C. 8
- ✗ D. 14

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. KLN
- ✓ B. FHI
- ✗ C. HIK
- ✗ D. XYA

Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 पी.सी. चन्द्र पुरस्कार में क्या मानदेय शामिल था?

Ans
- ✗ A. ₹15 लाख
- ✓ B. ₹20 लाख
- ✗ C. ₹10 लाख
- ✗ D. ₹5 लाख

Q.82 जून 2025 में, विश्व बैंक ने भारत के निम्नलिखित में से किस शहर में बाढ़ से निपटने में सहायता के लिए झीलों के जीर्णोद्धार हेतु ₹3,700 करोड़ के ऋण को मंजूरी दी है?

Ans
- ✓ A. बेंगलुरु
- ✗ B. नई दिल्ली
- ✗ C. हैदराबाद
- ✗ D. चेन्नई

Q.83 केंद्रीय बजट, 2025-26 के अनुसार किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) ऋणों के लिए संशोधित ब्याज अनुदान योजना (MISS) के तहत बढ़ी हुई ऋण सीमा कितनी है?

Ans
- ✗ A. ₹4 लाख
- ✗ B. ₹3 लाख
- ✓ C. ₹5 लाख
- ✗ D. ₹2 लाख

Q.84 भारत का सबसे पुराना पक्षी अभयारण्य (bird sanctuary) निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. वेलोडे बर्ड वाइल्ड लाइफ सेंचुरी (Vellode Birds Wildlife Sanctuary)
- ✗ B. मायानी बर्ड सेंचुरी (Mayani Bird Sanctuary)
- ✗ C. चिल्का लेक बर्ड सेंचुरी (Chilika Lake Bird Sanctuary)
- ✓ D. वेदांथांगल लेक बर्ड वाइल्ड लाइफ सेंचुरी (Vedanthangal Lake Bird Wildlife Sanctuary)

Q.85 जुलाई 2025 में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा गुजरात विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला का केंद्रबिंदु _______ था।

Ans
- ✓ A. जैन धर्म
- ✗ B. हिंदू धर्म
- ✗ C. बौद्ध धर्म
- ✗ D. सिख धर्म

Q.86 ______ से रियायती तेल खरीदने पर, अमेरिका को भारतीय निर्यात पर 27 अगस्त 2025 से 50% अमेरिकी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।

Ans
- ✗ A. ईरान
- ✗ B. सऊदी अरब
- ✗ C. इराक
- ✓ D. रूस

Q.87 निम्नलिखित में से किस स्थान पर 22 से 23 जुलाई 2025 तक 'संगठन, स्वास्थ्य, समृद्धि: खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य और जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य पर महिला सामूहिक कार्रवाई' पर क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की गई थी?

Ans
- ✗ A. पटना, बिहार
- ✗ B. लखनऊ, उत्तर प्रदेश
- ✗ C. भोपाल, मध्य प्रदेश
- ✓ D. रांची, झारखंड

Q.88 जून 2025 में किस भारतीय क्रिकेटर को ICC हॉल ऑफ फेम (ICC Hall of Fame) में शामिल किया गया?

Ans
- ✗ A. विराट कोहली
- ✓ B. एम.एस. धोनी
- ✗ C. सौरव गांगुली
- ✗ D. सचिन तेंदुलकर

Q.89 जून 2025 में, कोयला मंत्रालय ने अपनी _________ के आवंटन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

Ans
- ✗ A. 400वीं कोयला खदान
- ✓ B. 200वीं कोयला खदान
- ✗ C. 100वीं कोयला खदान
- ✗ D. 300वीं कोयला खदान

Q.90 2025 फ्रेंच ओपन मेन्स सिंगल्स (2025 French Open men's singles) का खिताब किसने जीता?

Ans
- ✗ A. जैनिक सिनर (Jannik Sinner)
- ✓ B. कार्लोस अल्काराज (Carlos Alcaraz)
- ✗ C. नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic)
- ✗ D. राफेल नडाल (Rafael Nadal)

Q.91 निम्नलिखित में से किस शहर ने मई 2025 में पहले जलवायु सप्ताह (Climate Week) की मेजबानी की?

Ans
- ✓ A. पनामा सिटी
- ✗ B. मेक्सिको सिटी
- ✗ C. रियो डी जनेरियो
- ✗ D. वाशिंगटन

Q.92 अक्टूबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र सैनिक योगदानकर्ता देशों (UNTCC) के प्रमुखों का सम्मेलन कहां आयोजित किया गया था?

Ans
- ✓ A. नई दिल्ली
- ✗ B. मुंबई
- ✗ C. बेंगलुरु
- ✗ D. चेन्नई

Q.93 जनवरी 2025 में अर्मांडो कोलाको को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
- ✗ A. अर्जुन पुरस्कार
- ✗ B. खेल रत्न पुरस्कार
- ✓ C. द्रोणाचार्य पुरस्कार
- ✗ D. माका (MAKA) ट्रॉफी

Q.94 स्मृति मंधाना किस वर्ष एकदिवसीय मैचों में सबसे तेज 4,000 रन बनाने वाली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं?

Ans
- ✗ A. 2022
- ✗ B. 2024
- ✗ C. 2023
- ✓ D. 2025

Q.95 2025 में सबसे तेज 2000 T20I रन बनाने वाले क्रिकेटर कौन बने?

Ans
- ✓ A. साईं सुदर्शन
- ✗ B. बाबर आज़म
- ✗ C. विराट कोहली
- ✗ D. जॉस बटलर

Q.96 उस विशेष पीठ के न्यायाधीश कौन थे जिन्होंने 2025 की शुरुआत में महानगरीय शहरों में मानवीय अपमार्जन और सीवर सफाई पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था?

Ans
- ✗ A. जस्टिस रंजन गोगोई और जस्टिस एनवी रमन्ना
- ✓ B. न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार
- ✗ C. न्यायमूर्ति यू.यू. ललित और न्यायमूर्ति संजय किशन कौल
- ✗ D. जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ और जस्टिस हिमा कोहली

Q.97 उपग्रह प्रौद्योगिकी दिवस 2025, प्रथम स्वदेशी निर्मित भारतीय उपग्रह आर्यभट्ट की किस वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया गया?

Ans
- ✗ A. 25वीं
- ✗ B. 40वीं
- ✗ C. 75वीं
- ✓ D. 50वीं

Q.98	भारत में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस प्रत्येक वर्ष 16 मार्च को भारत में किस वैक्सीन के पहली बार लगाने/ पिलाने की स्मृति में मनाया जाता है?
Ans	✔ A. पोलियो ✘ B. डेंगू ✘ C. मलेरिया ✘ D. HIV

Q.99	निम्नलिखित में से किस नगर निगम ने अप्रैल 2025 में भारत का पहला प्रमाणित ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड जारी किया है?
Ans	✔ A. गाजियाबाद नगर निगम ✘ B. लखनऊ नगर निगम ✘ C. इंदौर नगर निगम ✘ D. वाराणसी नगर निगम

Q.100	चिनाब रेल पुल की नदी तल से ऊंचाई कितनी है?
Ans	✘ A. 300 m ✘ B. 478 m ✔ C. 359 m ✘ D. 859 m

"